*** निम्नलिखित में मूलशब्द और प्रत्यय बताइए** [1]

1. 1.दिए गए शब्दों के मूल शब्द व प्रत्यय बताइए
   (i) नाटककार (ii) नाटकीय (iii) वैज्ञानिक (iv) काल्पनिक (v) बहुतायत

   **जवाब :** self

*** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** [5]

2. समृद्ध× ____________

   **जवाब :** दरिद्र, कम
3. प्रशंसा× ____________

   **जवाब :** निंदा
4. सुंदर× ____________

   **जवाब :** कुरुप
5. आकर्षण× ____________

   **जवाब :** विकर्षण
6. बल× ____________

   **जवाब :** दुर्बल

*** MCQ** [17]

7. माँ एलेसेंड्रा के बारे में कौन- -सा कथन सत्य है?
   (A) वे असम के जीवन के बारे में बहुत-कुछ जानती थीं।
   (B) उन्हें असम, बिहू और सत्रिया नृत्य से बहुत प्रेम था।
   (C) उन्होंने एंजेला को कुछ असमिया शब्द भी सिखाए।
   (D) वे अपने कार्य में सहायता के लिए बेटी को लाई थीं।

   **जवाब :** वे असम के जीवन के बारे में बहुत-कुछ जानती थीं।
8. “अनु और एंजेला ने तुरंत एक दूसरे की तरफ़ देखा।” क्यों?
   (A) अनु के पास खिलौने थे।
   (B) दोनों की आयु एक समान थी।
   (C) दोनों को अंग्रेज़ी भाषा आती थी।
   (D) एंजेला अनु से असमिया भाषा सीखना चाहती थी।

   **जवाब :** अनु के पास खिलौने थे।
9. एंजेला की माँ का नाम क्या था?
   (A) एमी (B) एलेसेंड्रा (C) एलिजाबेथ (D) ऐन

   **जवाब :** (B) एलेसेंड्रा

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

10. एलेसेंड्रा किस प्रकार की फिल्म निर्माता थीं?

(A) फिक्शन फिल्म (B) एनिमेशन (C) डॉक्यूमेंट्री (D) म्यूजिक वीडियो

**जवाब :** (C) डॉक्यूमेंट्री

11. एंजेला की माँ को असम की किस परंपरा पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए वित्तीय मदद मिली थी?

(A) असम के ग्रामीण-जीवन पर (B) असम के चाय बागानों पर

(C) असम के बन्य-जीवन पर (D) असम की नृत्य परंपरा पर

**जवाब :** (D) असम की नृत्य परंपरा पर

12. असम का बिहू त्योहार किसके आगमन की खुशी में मनाया जाता है?

(A) वसंत ऋतु (B) मानसून (C) सर्दों (D) गर्मी

**जवाब:** (A) वसंत ऋतु

13. असम में साल में कितनी बार बिहू मनाया जाता है?

(A) एक बार (B) दो बार (C) तीन बार (D) चार बार

**जवाब :** (C) तीन बार

14. बिहू त्योहार मुख्य रूप से किससे जुड़ा हुआ है?

(A) धार्मिक अनुष्ठान (B) कृषि और फसल (C) वाणिज्यिक गतिविधियाँ (D) सामाजिक सेवा

**जवाब :** (B) कृषि और फसल

15. रोंगाली बिहू कब मनाया जाता है?

(A) जनवरी में (B) अक्टूबर में (C) दिसंबर में (D) अप्रैल में

**जवाब :** (D) अप्रैल में

16. एंजेला को असम के कौन-से त्योहार को देखने का अवसर मिला?

(A) होली (B) दिवाली (C) बिहू (D) मकर संक्रांति

**जवाब :** (C) बिहू

17. सत्रिया नृत्य किससे जुड़ा हुआ है?

(A) ग्रामीण जीवन (B) समाज सुधार (C) धार्मिक परंपराओं (D) बन्य जीवन

**जवाब :** (C) धार्मिक परंपराओं

18. सत्रिया नृत्य में जय और विजय किसके द्वारपाल थे?

(A) भगवान शिव के (B) भगवान विष्णु के (C) भगवान ब्रह्मा के (D) भगवान गणेश के

**जवाब :** (B) भगवान विष्णु के

19. "ऐसे-ऐसे' एकांकी के लेखक कौन हैं?

(A) जयंत विष्णु (B) विष्णु प्रभाकर (C) गुणाकर मुले (D) अनुबंधोपाध्याय

**जवाब :** (B) विष्णु प्रभाकर

20. मोहन ने पिता के दफ़्तर में क्या खाया था?

(A) बर्गर (B) समोसे (C) फल (D) मिठाई

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** (C) फल

21. किन बहानों को मास्टर जी समझ जाते हैं?

(A) पेट दर्द (B) सिर दर्द (C) चक्कर आना (D) उपर्युक्त सभी

**जवाब :** (D) उपर्युक्त सभी

22. वैद्य जी को बुलाकर कौन लाया?

(A) मोहन की माँ (B) मोहन के पिता

(C) मोहन के पड़ोसी दीनानाथ (D) मोहन का मित्र

**जवाब:** (A) मोहन की माँ

23. मोहन कैसा लड़का था?

(A) कमज़ोर (B) कम बुद्धिवाला (C) भला (D) शरारती

**जवाब :** (D) शरारती

*** सही जोड़ मिलाए :** **[5]**

24.

| स्तंभ 1 | स्तंभ 2 |
|---|---|
| 1. सत्र | A.ये असम के मठ हैं। इनकी संख्या पाँच सौ से भी ज्यादा है। ये पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों के स्थान हैं। सत्रिया नृत्य की उत्पत्ति इन्हीं सत्रों में हुई है। |
| 2. बोहाग बिहू | B. 'यूनाइटेड किंगडम' और 'इंग्लैंड' की राजधानी । |
| 3. लंदन | C. 'यूनाइटेड किंगडम' देश की एक सरकारी संस्था। |
| 4. गुवाहाटी | D. असम में मनाया जाने वाला एक त्योहार। यह असम में नए साल की शुरुआत और बसंत के आगमन का प्रतीक है। |
| 5. ब्रिटिश अकादमी | E. भारत के असम राज्य का एक प्राचीन और सबसे बड़ा नगर है। |

**जवाब :** (1-A),(2-D),(3-B),(4-E),(5-C)

*** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** **[5]**

25. एंजेला की माँ डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए __________ स्थान पर साक्षात्कार लेने गईं।

**जवाब :** वैष्णव मठ

26. एंजेला ने अनु के साथ __________.

**जवाब :** सत्रिया

27. बिद्ध नृत्य के दौरान लड़कियों ने __________ और __________ रंग की पोशाक पहनी थी।

**जवाब :** लाल, बादामी

28. एंजेला को असम में __________ नाम की लेखिका के घर रुकने का अवसर मिला।

**जवाब :** रीना सेन

29. अनु का पसंदीदा खिलौना __________ का बना हुआ था।

**जवाब :** लकड़ी

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

*** नीचे दिए गए कथनों में से सत्य या असत्य कथन की पहचान कीजिए।** [5]

30. एंजेला का स्कूल उसके घर से बहुत दूर था।

**जवाब :** असत्य

31. बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है।

**जवाब :** सत्य

32. अनु ने एंजेला को असमिया शब्द सिखाए।

**जवाब :** सत्य

33. एंजेला और अनु ने जय और विजय की कहानी को महिला कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होते देखा।

**जवाब :** सत्य

34. एलेसेंड्रा को असम की चाय परंपरा पर डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए वित्तीय मदद मिली थी।

**जवाब :** असत्य

*** दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए :** [35]

35. एंजेला लंदन के जाने-माने इलाके केंजिंग्टन में रहती थी। उसका स्कूल घर से दूर नहीं था। उसका कोई सगा भाई बहन भी नहीं था। उसे जेम्स और कीरा नाम के दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद था। वे सब आपस में मिलकर कई काल्पनिक खेल खेला करते थे। उन्हें ऐसी कहानियों का पात्र बनने में मजा आता था, जिनमें दूर-दराज़ की दुनिया का जिक्र हो। एंजेला को हर उस कहानी से प्यार था, जिसमें उसे ताजमहल, एफिल टॉवर या कोलोजियम की यात्रा पर जाना हो। उसे बिल्कुल अंदाज़ा नहीं था कि जल्दी ही यात्राओं की उसकी ये कहानियाँ सच साबित होने वाली हैं।

**प्रश्न-**

(क) एंजेला कहाँ रहती थी?

(ख) एंजेला को कैसी कहानियाँ पसंद थीं?

(ग) एंजेला को किस बात का अंदाज़ा नहीं था?

**जवाब :** (क) एंजेला लंदन के जाने-माने इलाके केंजिंग्टन में अपने माता-पिता के साथ रहती थी।

(ख) एंजेला को ऐसी कहानियों का पात्र बनने में रुचि थी, जिनमें दूर-दराज़ की दुनिया का जिक्र हो । अपनी कहानियों में उसे दुनिया के ऐतिहासिक स्मारकों की यात्रा करना पसंद था।

(ग) एंजेला को अंदाजा नहीं था कि जल्दी ही उसकी काल्पनिक यात्राओं की कहानियाँ सच साबित होने वाली हैं। अपनी माँ के साथ उसे भारत यात्रा पर आने का अवसर मिलने वाला था ।

36. जब तक एंजेला कुछ समझ पाती, तब तक वह लंदन से नई दिल्ली होते हुए गुवाहाटी की उड़ान पर थी । यात्रा के दौरान माँ ने एंजेला को असम की खूबसूरती के बारे में कुछ बातें बताई। असम भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में है, जिसे अपने वन्यजीवन, रेशम और चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। इसके साथ असम में नृत्य की भी एक समृद्ध परंपरा है। एलेसेंड्रा की डॉक्यूमेंट्री के केंद्र में असम के जनजीवन में नृत्य के महत्व को तलाशना था। वे जब यहाँ आ रहे थे तब अप्रैल का महीना चल रहा था । असम में यह नए साल का वक्त होता है। बसंत के आने की खुशी में वे सभी एक त्योहार मनाते हैं, जिसे 'बिहू' कहा जाता है। एंजेला उसी रात इसे देखने जाने वाली थी। गुवाहाटी के एक होटल में सामान्य होने के बाद वे उसी शाम पास के एक गाँव मलंग में गए। गाँव पहुँचने पर माँ ने एंजेला को बताया कि बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है। भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किसानों का है। असम में बिहू साल में तीन बार मनाया जाता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 1.असम भारत के कौन-से क्षेत्र का भाग है?
(क) उत्तर दिशा
(ग) पूर्वी क्षेत्र
(ख) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र
(घ) पूर्वी – पश्चिम दिशा

प्रश्न 2.लंदन से दिल्ली होते हुए एंजेला का परिवार कहाँ पहुँचा ?
(क) गुवाहाटी
(ख) सीमावर्ती इलाके
(ग) माजुली
(घ) नृत्यांगनाओं से मिलने

प्रश्न 3.असम में बिहू त्योहार कितनी बार मनाया जाता है ?
(क) दो बार
(ख) चार बार
(ग) तीन बार
(घ) सिर्फ एक बार

रप्रश्न 4.बिहू की क्या विशेषता है?
(क) यह कृषि आधारित त्योहार है।
(ख) बसंत आने की खुशी में मनाते हैं।
(ग) असम के जनजीवन का अभिन्न अंग है।
(घ) उपर्युक्त सभी ।

प्रश्न 5.एलेसेंड्रा की डॉक्यूमेंट्री का केंद्र क्या था ?
(क) असम में चाय बगानों की शूटिंग करना ।
(ख) वन्य जीव-जंतुओं को दिखाना ।
(ग) अलग-अलग गाँव जाना।
(घ) असम की नृत्य परंपरा और महत्व को उजागर करना।

**जवाब :** 1.(ख) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र
2.(क) गुवाहाटी
3.(ग) तीन बार
4.(घ) उपर्युक्त सभी ।
5.(घ) असम की नृत्य परंपरा और महत्व को उजागर करना।

37. अगले दिन वे उत्तरी असम की तरफ़ रवाना हुए, जहाँ सभी 'सत्रों', अर्थात मठों की पीठ है। वे सभी एक सत्र के पास रहने के लिए जाने वाले थे और सत्रिया नृत्य का फ़िल्मांकन करने वाले थे। जब वे 'दक्षिणापथ सत्र' पहुँचे, तब वहाँ उनकी मुलाकात रीना सेन से हुई, जो असम की एक जानी-मानी लेखिका हैं। उस हफ़्ते उन लोगों को रीना सेन के घर पर ही रुकना था। रीना आंटी की एक बिटिया थी- अनु । अनु और एंजेला ने तुरंत एक-दूसरे की तरफ़ देखा। उन दोनों की ही उम्र दस साल थी।

**प्रश्न-**

(क) एंजेला की माँ उत्तरी असम क्यों गईं?


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ख) एलेसेंड्रा की मुलाकात किससे हुई और क्यों ?
(ग) अनु और एंजेला ने एक-दूसरे की तरफ़ देखकर क्या सोचा होगा?

**जवाब :** (क) एंजेला की माँ सत्रिया नृत्य का फिल्मांकन करने के लिए उत्तरी असम गई।
(ख) एलेसेंड्रा की मुलाकात 'दक्षिणापथ सत्र' में असम की मशहूर लेखिका रीना सेन से हुई। रीना सेन के घर पर ही ठहरकर एलेसेंड्रा अपनी डॉक्यूमेंट्री का कार्य कर रही थीं।
(ग) अनु और एंजेला हमउम्र थी। एक-दूसरे की ओर देखते ही उनकी मित्रता हो गई। अनु ने एंजेला को अपने सुंदर-सुंदर खिलौने दिखाए। दोनों ने मिलकर राम-रावण का खेल भी खेला।

38. एंजेला को यह कहानी नाटकीय और दिलचस्प लगी। सत्रिया महिला नृत्यांगनाओं ने जिस प्रकार की शक्ति, बल और आकर्षण प्रदर्शित किया, वह अद्भुत था ! एंजेला को लगा कि उन महिला कलाकारों की प्रस्तुति सत्रिया नृत्य करने वाले पुरुष कलाकारों से भी बेहतर थी।

प्रश्न 1.उपर्युक्त गद्यांश में किस कहानी की बात हो रही है?
(क) ईश्वर की कहानी
(ख) बिहू की कहानी
(ग) भगवान विष्णु की कहानी
(घ) भगवान विष्णु के द्वारपालों की कहानी

प्रश्न 2.सत्रिया महिला नृत्यांगनाओं के नाम थे-
(क) आरती और रीना
(ख) प्रिया और रितु
(ग) प्रिया और रीता
(घ) अनु और प्रिया

प्रश्न 3.एंजेला को क्या अद्भुत लगा?
(क) शक्ति व बल से भरपूर नृत्यनाटिका
(ख) नृत्यांगनाओं द्वारा जय-विजय की तरह हथियार और तलवार चलाना
(ग) महिला कलाकारों की प्रस्तुती
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 4.दोनों कलाकार लड़कियों को क्या सिखा रही थी ?
(क) मठों की विशेषताएँ
(ख) खूबसूरत मुद्राएँ और बारीकियाँ
(ग) बिहू पोशाक पहनाना
(घ) वीडियो रिकार्डिंग की बारीकियाँ

प्रश्न 5.प्रस्तुत गद्यांश की लेखिका हैं-
(क) अनु और एंजेला
(ख) एलेसेंड्रा
(ग) जया मेहता
(घ) रीना और प्रिया


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** 1.(घ) भगवान विष्णु के द्वारपालों की कहानी
2.(ग) प्रिया और रीता
3.(घ) उपर्युक्त सभी
4.(ख) खूबसूरत मुद्राएँ और बारीकियाँ
5.(ग) जया मेहता

39. एंजेला लंदन के जाने-माने इलाके केंजिग्टन में रहती थी। उसका स्कूल घर से दूर नहीं था। उसका कोई सगा भाई-बहन भी नहीं था। उसे जेम्स और कीरा नाम के दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद था। वे सब आपस में मिलकर कई काल्पनिक खेल खेला करते थे। उन्हें ऐसी कहानियों का पात्र बनने में मजजा आता था, जिनमें दूर-दराज की दुनिया का जिक्र हो। एंजेला को हर उस कहानी से प्यार था, जिसमें उसे ताजमहल, एफिल टॉवर या कोलोजियम की यात्रा पर जाना हो। उसे बिल्कुल अंदाज़ा नहीं था कि जल्दी ही यात्राओं की उसकी ये कहानियाँ सच साबित होने वाली हैं।

एंजेला की माँ एलेसेंड्रा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता थी। उन्हें लंदन की ब्रिटिश अकादंमी से असम की नृत्य परंपरा पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए वित्तीय मदद दी गई थी। पेच्चीदा बात यह थी कि उनके पास इस काम को पूरा करने के लिए सिऱ एक महीने का समय था। उन्होंने एंजेला के स्कूल से उसकी वसंत की छुट्टियों को एक ह्ऱते और बढ़ाने की अनुमति ले ली, जिससे एंजेला और उसके पिता ब्रायन भी उनके साथ जा सके। एंजेला बहुत जल्दबाजी में बनाई गई इस यात्रा की योजना से हैरान थी, परंतु उसकी माँ को काम समय पर पूरा करना था, इसलिए वे सभी जल्दी ही तैयार हो गए।

**QUESTION:**

Q.1. एंजेला कहाँ रहती थी?
(A) पेरिस (B) लंदन (C) न्यूयॉर्क्र (D) टोक्यो
Q.2. एंजेला को किस तरह की कहानियाँ पसंद थीं?
(A) प्रेम कहानियाँ (B) रहस्यपूर्ण कहानियाँ (C) यात्रा पर जाने की कहानियाँ (D) ऐतिह्ऱाक कहानियाँ
Q.3. एंजेला को कैसी कहानियों का पात्र बनने में मजा आता था?
(A) जिसमें वह स्वयं हो
(B) जिसमें दूर-दराज की दुनिया का जिक्र हो
(C) जिसमें उसके दोस्तों का जिक्र हो
(D) जिसमें उसके परिवार की कहानी हो
Q.4. एंजेला को क्या पसंद था?
Q.5. एंजेला की माँ ने उसके स्कूल से छुट्टियाँ क्यों बढ़वाई?

**जवाब :** 1. (B) लंदन
2. (C) यात्रा पर जाने की कहानियाँ
3. (B) जिसमें दूर-दराज की दुनिया का जिक्र हो
4. एंजेला को अपने दोस्त जेम्स और कीरा के साथ समय बिताना पसंद था। वे सब आपस में मिलकर काल्पनिक खेल खेला करते थे।
5. एंजेला की माँ ने उसके स्कूल से वसंत की छुट्टियों को एक हप्ते और बढ़ाने की अनुमति इसलिए ली, ताकि एंजेला और उसके पिता ब्रायन उनके साथ असम जा सकें और वह अपनी डॉक्यूमेट्री का काम समय पर पूरा कर सकें।

40. एंजेला कार से उतरी, वहाँ आस-पास उत्सव जैसा माहौल देखकर वह हतप्रभ थी। वहाँ एक बड़े से बरगद के पेड़ के नीचे मंच बनाया गया था। वह जगह लोगों से भरी हुई थी। एंजेला ने एक पेड़ के नीचे एक साथ इतने लोगों को पहले कभी नहीं देखा था। वहाँ खुले आसमान के नीचे लोगों के बीच बैठकर उसे ऐसा लग रहा था, जैसे वह आश्चर्यजनक रूप से किसी टाइम मशीन में आकर बैठ गई हो! या क्या वह उस वक्त किसी सपनों की दुनिया में


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

थी?

वह मंत्रमुग्ध होकर वहाँ लड़के-लड़कियों को वसंत ऋतु के आगमन पर नृत्य करते देख रही थी। एंजेला ने इस बात पर ध्यान दिया कि लड़कों ने वाद्ययंत्र ले रखे हैं और लड़कियों ने लाल और बादामी रंग की गहरी डिजाइन वाली खबबसूरत पोशाक पहन रखी है। वे सभी काफ़ी रंगीन और मस्त लग रहे थे। उनका हिलता-डुलता शरीर, हाथ-पैर की हलचल से समझ आ रहा था कि वे मौज-मस्ती के नृत्य में खोए हुए है। उसकी इच्छा हुई कि वह अपने घर पर वसंत के आगमन पर ऐसे ही नृत्य करेगी।

**QUESTION:**strong>

Q.1. मंच कहाँ बनाया गया था?

(A) एक मंदिर के अंदर

(B) एक ख़ुले मैदान में

(C) एक बरगद के पेड़ के नीचे

(D) एक बड़े भवन के अंदर

Q.2.एंजेला को क्या देखकर लगा कि वह टाइम मशीन में आ गई है?

(A) पेड़ के नीचे बैठे लोगों को देखकर

(B) लड़कों के वाद्ययंत्र बजाने को देखकर

(C) लडकियों की खूबसूरत पोशाक देखकर

(D) नृत्य करते हुए लोंगों को देखकर

Q.3. लड़कों ने क्या ले रखा था?

(A) लाल और बादामी पोशाक (B) वाद्ययंत्र (C) तीर-कमान (D) नारियल के खिलौने

Q.4. एंजेला को मलंग गाँव में कैसा माहौल देखने को मिला?

Q.5. एंजेला मंत्रमुग्ध क्यों हो गई?

**जवाब :** 1. (C) एक बरगद के पेड़ के नीचे

2. (A) पेड़ के नीचे बैठे लोगों को देखकर

3. (B) वाद्ययंत्र।

4. एंजेला को मलंग गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वहाँ एक बड़े बरगद के पेड़ के नीचे मंच बनाया गया था और वह जगह लोगों से भरी हुई थी। इस दृश्य ने एंजेला को हतत्रभ कर दिया।

5. एंजेला नृत्य करते हुए लड़कों और लड़कियों को देखकर मंत्रमुग्ध हो गई थी। उनका हिलता-डुलता शरीर और हाथ-पैर की हलचल देखकर उसे समझ आया कि वे सभी मौज-मस्ती के नृत्य में पूरी तरह खोए हुए थे।

41. एंजेला बहुत उत्साहित थी, उसने रीना आंटी से आग्रह किया कि वे अनु को भी सत्रिया नृत्य में 'महिला-नृत्य' को देखने के लिए साथ आने दें। आंटी ने स्वीकृति दे दी, उस रात अनु और एंजेला सत्रिया नृत्य देखने गए, जिसमें भगवान विष्णु के दो द्वारपालो जय-विजय की कहानी थी। परदा उठा और एंजेला ने देखा कि सफ़ेद पगड़ीनुमा टोपी में दो महिलाएँ नृत्य और नाटक की शैली में कमाल का अभिनय कर रही हैं।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ी उन दोनों ने देखा कि किस तरह जय और विजय ने कई बड़े ऋषियों को भगवान विष्णु से मिलने नहीं दिया, क्योंकि उस वक्त भगवान विण्णु सो रहे थे। वे ऋषि नाराज हो गए। उन्होंने जय-विजय को असुर बनने का, श्राप दे दिया। भगवान विष्णु की नीद जब टूटी, तब उन्हें अपने द्वारपालों को बचाने के लिए आना पड़ा। उन्होंने वचन दिया कि वे जय और विजय को मारकर उन्हें श्राप से बचा लेंगे। बाद में जय और विजय दोबारा भगवान विष्णु के द्वारपाल बने।

एंजेला को यह कहानी नाटकीय और दिलचस्प लगी। सत्रिया महिला नृत्यांगनाओं ने जिस प्रकार की शक्ति, बल और आकर्षण प्रदर्शित किया, वह अद्भुत था! एंजेला को लगा कि उन महिला कलाकारों की प्रस्तुति सत्रिया नृत्य करने वाले पुरुष कलाकारों से भी बेहतर थी।

**QUESTION:**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.1. एंजेला और अनु किस नृत्य को देखने गए थे?
(A) कथक (B) संत्रिया नृत्य (C) भरतनाट्यम (D) कुचिपुड़ी
Q.2. सत्रिया नृत्य में कौन-सी कहानी का प्रदर्शन किया गया?
(A) राम-रावण युद्ध (B) कृष्ण-राधा प्रेम (C) जय-विजय की कहानी (D) शिव-नंदी संवाद
Q.3. जल औी निणुल को किसने श्राप दिया?
(A) देजताओं ने (B) राक्षसों ने (C) गंधर्वों ने (D) ऋषियों ने
Q.3. जय और विजय को किस कारण से ऋषियों ने श्राप दिया?
Q.4. भगवान विष्णु ने जय और विजय को श्राप से बचाने के लिए क्या वचन दिया?

**जवाब :** 1. (B) सत्रिया नृत्य।
2. (C) जय-विजय की कहानी
3. (D) ऋपियों ने
4. जय और विजय ने भगवान विष्णु के सोने के कारण कई बड़े ऋषियों को उनसे मिलने नहीं दिया, जिससे ऋषि नाराज हो गए और उन्होंने 1 जय-विजय को असुर बनने का श्राप दे दिया।
5. भगवान विष्णु ने वचन दिया कि वे जय और विजय को मारकर उन्हें श्राप से मुक्त कर देंगे। इसके बाद जय और विजय दोबारा भगवान विष्मु के द्वारपाल बने।

*** प्रश्नों के उत्तर सक्षिप्त रूप में लिखो (3 Mark)** **[6]**

42. लेखिका जया मेहता द्वारा लिखे इस पाठ में एक बच्ची 'एंजेला' व्यक्तिगत यात्रा के माध्यम से भारतीय नृत्य कला, शैली और वेशभूषा के आकर्षक संदर्भों को उजागर करती है। यह एक बच्चे की नज़र से देखे गए आकर्षक नृत्य रूपों के माध्यम से भारत की खोज है। अपने विचार लिखिए। क्या आप नृत्य कला की ओर प्रेरित हुए हैं?

**जवाब :** प्रस्तुत पाठ नृत्य और संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति के सौंदर्यपूर्ण और रंगारंग पहलुओं को सामने लाता है। युवा पाठकों में यह नृत्य कथा भारतीय नृत्यों के प्रति रूझान और जिज्ञासु भावना को जागृत करती है। संगीत और नृत्यकला में विशेष रुचि रखने वाले बहुत से विद्यार्थियों को नृत्य की प्रेरणा मिलती है। इस कहानी को पढ़ना रोमांचकारी है और इससे प्रेरित होकर मैंने और अन्य सहपाठियों ने 'बिहू', 'सत्रिया' और अन्य नृत्य शैलियों के बारे में अपने नृत्य अध्यापकों से अधिक जानकारी एकत्रित की। मेरे हृदय में भरतनाट्यम नृत्य सीखने की चाह जाग्रत हुई है। इस पाठ से हमने यह भी सीखा कि हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व होना चाहिए और इसके संरक्षण में योगदान देने का प्रयास करें।

43. " असम, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है, जिसे अपने वन्य-जीवन, रेशम और चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। " अपने विचार लिखिए।

**जवाब :** असम पूर्वोत्तर भारत में स्थित है। असम चाय और रेशम के लिए विश्व प्रसिद्ध है। असम एक सींग वाले भारतीय गैंडे का घर है। यहाँ एशियाई पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ भी पाई जाती हैं। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और मानस राष्ट्रीय उद्यान विश्व धरोहर स्थल है। असम में चाय उद्योग लगभग 172 साल पुराना है। सुगंधित चाय के लहलहाते खेतों, ब्रह्मपुत्र नदी में बहती डोंगियों और वन्य जीवन के साथ घने जंगलों से घिरा असम भारतीय संस्कृति और परंपरा के लिए विश्व प्रसिद्ध है। असम का सुप्रसिद्ध मूँगा सिल्क कई वर्षों तक खराब नहीं होता। इसके बने कपड़ों में औषधीय गुण भी होते हैं। असम राज्य भारत की रंग-बिरंगी, सुंदर, प्राचीन और जीवन से भरी संस्कृति को चित्रित करता है। भारतवर्ष में असम की संस्कृति विविधता में एकता प्रदान करती है।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[42]**

44. "असम, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है, जिसे अपने वन्य-जीवन, रेशम और चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। इसके साथ असम में नृत्य की भी एक समृद्ध परंपरा है।"

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** असम पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार है। असम राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वनस्पति, चाय के बागानों और समृद्ध नृत्य परंपरा के लिए जाना जाता है। प्रकृति ने असम को मनोहर भव्यता और वन्य जीवों की प्रचुरता का वरदान दिया है। असम के चाय के बागानों में देश के आधे से ज़्यादा चाय का उत्पादन होता है। असम में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहार हैं – बिहू – भोगली – बोहग-बिहू और कोंगाली जिन्हें पूरे असम में धूमधाम से मनाया जाता है।

45. "पूरी दुनिया की संस्कृतियों में लोग नृत्य और संगीत से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।"

**जवाब :** नृत्य और संगीत का संस्कृति से गहरा संबंध होता है। ये जीवन जीने के तरीके हैं। नृत्य और संगीत में संस्कृतियों के समान विविधता है। इन कलाओं का प्रयोग पूरे इतिहास में सुख-दुख, प्रेम और अन्य भावनाओं को व्यक्त करने के लिए होता रहा है। विभिन्न संस्कृतियों और समाजों की विकास यात्रा में नृत्य और संगीत की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

46. "एंजेला के मन में कई तरह के विचार चल रहे थे।"
उसके मन में कौन-कौन से विचार चल रहे होंगे?

**जवाब :** मलंग गाँव में उत्सव का माहौल देखकर एंजेला हैरान रह गई थी। उसने इतने लोगों को एक साथ पहले कभी नहीं देखा था। सुंदर पोशाकों में लड़के-लड़कियों का आकर्षक नृत्य देख वह मंत्रमुग्ध थी। उसके मन में भी बसंत के आगमन पर नृत्य करने की इच्छा हुई। एंजेला भारतीय नृत्य परंपरा, मनमोहक संगीत और भारतीय समाज पर इसके प्रभावों पर सोच रही थी ।

47. "बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है।" कैसे?

**जवाब :** असम का बिहू नृत्य ग्रामीण जनजीवन के साथ-साथ फसल लगाने से लेकर बसंत के आगमन तक से जुड़ा हुआ है। भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किसानों का है। असम में बिहू साल में तीन बार मनाया जाता है। सबसे पहले किसान बीज बोते हैं, फिर जब वे धान रोपते हैं और फिर अनाज तैयार हो जाने पर बिहू उत्सव आनंद से मनाया जाता है

48. ऐसा लगता है कि भारत से जाने के बाद भी एंजेला के मन में असम ही छाया हुआ था। पाठ इस कथन के समर्थन के लिए कुछ उदाहरण खोजकर लिखिए।

**जवाब :** लंदन लौटने के बाद भी एंजेला असम राज्य के सत्रिया और बिहू नृत्य से अत्यधिक प्रभावित रही। वह हर पल भारतीय नृत्य का अभ्यास कर रही थी । खाने-पीने, चलने और यहाँ तक कि खेलने के दौरान भी वह नृत्य करती रही। एंजेला ने लंदन में अपने स्कूल की कक्षा में स्वयं किए गए रंग-बिरंगे 'सत्रिया' और आनंदित करने वाले 'बिहू' नृत्य को वीडियो रिकार्डिंग के साथ प्रदर्शित किया।

49. समय के बदलने के साथ-साथ सत्रिया नृत्य की परंपरा में क्या बदलाव आया है?

**जवाब :** सत्रिया नृत्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों में से एक है। 'सत्रिया' नाम असम के मठों से आया है। उन्नीसवीं सदी तक सत्रिया नृत्य केवल पुरुष नर्तक ही समर्पित और आध्यात्मिक तरीके से प्रस्तुत करते थे। आगे चलकर सत्रिया नृत्य मठों से बाहर निकला और महिलाएँ भी सत्रिया सीखने लगीं। आधुनिक दौर में महिला सत्रिया कलाकारों के लिए मंच पर नृत्य करना आम बात हो गई है।

50. "बिहू नृत्य और इसके उत्सव से अचंभित एंजेला और उसके परिवार ने इसके साथ-साथ लजीज पकवानों का पूरा आनंद लिया।"
एंजेला और उसका परिवार बिहू नृत्य और उसके उत्सव को देखकर अचंभित क्यों हो गया?

**जवाब :** भारत के असम राज्य के लोक नृत्य 'बिहू' त्योहार से संबंधित है। समूह में नाचते स्त्री-पुरुष अत्यंत उत्साहित थे। लड़के वाद्ययंत्र बजा रहे थे और लड़कियों ने लाल और बादामी रंग की डिज़ाइन वाली खूबसूरत पोशाक धारण करी हुई थी। मौज-मस्ती से भरे नृत्य, स्वादिष्ट पकवान और मनोरंजन से भरपूर बिहू उत्सव से एंजेला और उसका परिवार अचंभित था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

51. जब तक एंजेला कुछ समझ पाती, तब तक वह लंदन से नई दिल्ली होते हुए गुवाहाटी की उड़ान पर थी।"
एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा ने भारत की यात्रा से पहले कौन-कौन सी तैयारियाँ की होंगी?

**जवाब :** माँ एलेसेंड्रा के पास एक महीने का वक्त था। उन्होंने स्कूल प्रशासन को इसकी जानकारी दी होगी और एंजेला के स्कूल से उसकी छुट्टियों की अनुमति ली होगी। उन्होंने यात्रा के लिए जरूरी दस्तावेज़ संभाले होंगे। डॉक्यूमेंट्री से संबंधित उपकरणों और वस्तुओं को ध्यान से पैक किया होगा। इसके अलावा व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सामान रखा होगा। माँ ने भारत के असम राज्य में रहने के स्थान और शूटिंग के समय और स्थान की भी उचित जानकारी इकट्ठा की होगी। इससे समय की बचत होती है और डॉक्यूमेंट्री निर्माण भी सुचारू रूप से होने में मदद मिली होगी।

52. "वहाँ एक बड़े से बरगद के पेड़ के नीचे मंच बनाया गया था।"
बिहू नृत्य के लिए बरगद के पेड़ के नीचे मंच क्यों बनाया गया होगा?

**जवाब :** हिंदू ग्रंथों में बरगद के पेड़ को पूजनीय माना जाता है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से बरगद के पेड़ को पूजा जाता है। यह विशाल वृक्ष होता है और फैलाव के कारण काफ़ी लोग इसके नीचे व आस-पास एकत्रित हो सकते हैं। बिहू नृत्य के लिए बरगद के पेड़ रूपी प्राकृतिक मंच से बेहतर और क्या हो सकता था। साथ ही इस पेड़ का सांस्कृतिक महत्त्व भी है।

53. यदि आपको टाइम-मशीन मिल जाए तो आप उसमें बैठकर कौन-से समय में और कौन-से स्थान पर जाना चाहेंगे? क्यों?

**जवाब :** स्वप्रयत्न

54. आपको यदि कोई ऐसी वस्तु बनाने का अवसर मिले जो अभी तक नहीं बनाई गई है तो आप क्या बनाएँगे? क्यों बनाएँगे?

**जवाब :** स्वप्रयत्न

55. क्या आपने कभी किसी संग्रहालय की यात्रा की है? संग्रहालय ऐसा स्थान होता है जहाँ विभिन्न कालों की प्राचीन वस्तुएँ देखने को मिलती हैं। कभी-कभी संग्रहालय की यात्रा भी 'टाइम मशीन' की यात्रा जैसी लगती है।
अवसर मिले तो आप भी किसी संग्रहालय की यात्रा अवश्य कीजिए और उसके बारे में कक्षा में बताइए।

**जवाब :** स्वप्रयत्न

56. पिता-कहाँ? कुछ भी नहीं। सिर्फ एक केला और एक संतरा खाया था। अरे, यह तो दफ़्तर से चलने तक कूदता फिर रहा था। बस अड्डे पर आकर यकायक बोला-पिता जी, मेरे पेट में तो कुछ ऐसे-ऐसे' हो रहा है। माँ-कैसे? पिता-बस 'ऐसे-ऐसे' करता रहा। मैंने कहा-अरे, गड़गड़ होती है? तो बोला नहीं। फिर पूछा-चाकू सा चुभता है? तो जवाब दियानहीं। गोला-सा फूटता है? तो बोला नहीं। जो पूछा उसका जवाब नहीं। बस एक ही रट लगाता रहा, कुछ ऐसे-ऐसे' होता है।

**QUESTION:**

Q.1. एक केला और संतरा किसने खाया था?
(A) सोहन ने (B) रोहन ने (C) मोहन ने (D) रोहित ने
Q.2. 'ऐसे-ऐसे' का बहाना कौन करता था?
(A) सोहन एक मास्टर (B) मोहन स्वयं (C) मोहन का पिता (D) मोहन की माँ

**जवाब :** 1. (C) मोहन ने
2. (B) मोहन स्वयं

57. पिता-वैद्य जी, शाम तक ठीक था। दफ़्तर से चलते वक्त रास्ते में एकदम बोला-मेरे पेट में दर्द होता है। ऐसे-ऐसे' होता है। समझ नहीं आता, यह कैसा दर्द है!

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

वैद्य जी-अभी बता देता हूँ। असल में बच्चा है। समझा नहीं पाता है। (नाड़ी दबाकर) वात का प्रकोप है... मैंने कहा, बेटा, जीभ तो दिखाओ। (मोहन जीभ निकालता है।) कब्ज है। पेट साफ़ नहीं हुआ। (पेट टटोलकर) हूँ, पेट साफ़ नहीं है। मल रुक जाने से वायु बढ़ गई है। क्यों बेटा? (हाथ की उँगलियों को फैलाकर फिर सिकोड़ते हैं) ऐसे-ऐसे होता है?

**QUESTION:** Q.1. वैद्य जी के अनुसार-मोहन ऐसे-ऐसे क्यों कर रहा है?

(A) क्योंकि उसे यह बीमारी हुई है।

(B) क्योंकि उसे दर्द का कारण पता नहीं है।

(C) क्योंकि उसे यह बीमारी पहली बार हुई।

(D) क्योंकि बीमारी को इसी नाम से पुकारा जाता है

Q.2. उसे किस बात की बीमारी है?

(A) बुखार है। (B) मलेरिया है। (C) वात की (D) सरदी और जुकाम का है।

**जवाब :** 1. (C) क्योंकि उसे यह बीमारी पहली बार हुई।

2. (C) वात की

58. माँ-पर मास्टर जी, वैद्य और डॉक्टर तो दस्त की दवा भेजेंगे।

मास्टर-माता जी, मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। इसकी ऐसे-ऐसे की बीमारी को मैं जानता हूँ। अकसर मोहन जैसे लड़कों को वह हो जाती है।

**QUESTION:**

Q.1. वैद्य जी और डॉक्टर दवा भेजेंगे किसने कहा?

(A) पिता जी ने (B) पड़ोसी ने (C) माँ जी ने (D) मास्टर जी ने

Q.2. 'मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है' यह कथन किसके हैं?

(A) माँ जी के (B) पिता जी के (C) माँ जी ने (D) पड़ोसिन के

**जवाब :** 1. (C) माँ जी ने

2. (C) माँ जी ने

59. मास्टर-(हँसकर) कुछ नहीं, माता जी, मोहन ने महीना भर मौज की। स्कूल का काम रह गया। आज खयाल आया। बस डर के मारे पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने लगा-'ऐसे-ऐसे'। अच्छा, उठिए साहब! आपके 'ऐसे-ऐसे' की दवा मेरे पास है। स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी। आप उसमें काम पूरा करेंगे और आपका ऐसे-ऐसे दूर भाग जाएगा।

**QUESTION:**

Q.1. मोहन ने महीना भर क्या किया?

(A) काम (B) पढ़ाई (C) मौज-मस्ती (D) कुछ नहीं

Q.2. पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने का क्या कारण था?

(A) पेट-दर्द (B) छुट्टी करने का बहाना (C) स्कूल का काम न करने का डर (D) बासी एवं अंट-शंट खाना

**जवाब :** 1. (C) मौज-मस्ती

2. (C) स्कूल का काम न करने का डर

60. पिता-यह 43332 है। जी, जी हाँ। बोल रहा हूँ... कौन? डाक्टर साहब! जी हाँ, मोहन के पेट में दर्द है... जी नहीं, खाया तो कुछ नहीं... बस यही कह रहा है... बस जी... नहीं, गिरा भी नहीं... 'ऐसे-ऐसे' होता है। बस जी, 'ऐसे-ऐसे' होता! यह ऐसे-ऐसे क्या बला है, कुछ समझ में नहीं आता। जी-जी हाँ। चेहरा एकदम सफ़ेद हो रहा है। नाचा-नाचता फिरता है... जी नहीं, दस्त तो नहीं आई... जी हाँ, पेशाब तो आया था... जी नहीं, रंग तो नहीं देखा। आप कहें तो अब देख लेंगे... अच्छा जी! ज़रा जल्दी आइए।

**QUESTION:**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.1. गद्यांश के पाठ और उसके लेखक का नाम लिखो।

Q.2. यह बातचीत किस-किसमें हो रही है ?

**जवाब :** 1. पाठ का नाम-ऐसे-ऐसे

लेखक-विष्णु प्रभाकर।

2. यह वार्तालाप मोहन के पिता और डॉक्टर के बीच हो रही है।

61. मोहन-(कराहकर) जी हाँ... ओह!

वैद्य जी-(हर्ष से उछलकर) मैंने कहा न, मैं समझ गया। अभी पुड़िया भेजता हूँ। मामूली बात है, पर यही मामूली बात कभीकभी बड़ों-बड़ों को छका देती है। समझने की बात है। मैंने कहा, आओ जी, दीनानाथ जी, आप ही पुड़िया ले लो। (मोहन की माँ से) आधे-आधे घंटे बाद गरम पानी से देनी है। दो-तीन दस्त होंगे। बस फिर 'ऐसे-ऐसे' भागेगा; जैसे-गधे के सिर से सींग! (वैद्य जी द्वार की ओर बढ़ते हैं। मोहन के पिता पाँच का नोट निकालते हैं।)

पिता-वैद्य जी, यह आपकी भेंट।

**QUESTION:**

Q.1. वैद्य जी हर्ष से क्यों उछले?

Q.2.वैद्य जी ने मोहन के लिए क्या दवा दिया?

**जवाब :** 1. वैद्य जी हर्ष से उछले क्योंकि उन्हें लगा कि वे मोहन की बीमारी समझ गए हैं।

2. वैद्य जी ने मोहन को दवा की पुड़िया दिया और उसे आधे-आधे घंटे बाद गरम पानी से लेने को कहा

62. जी नहीं, वह नहीं है। बिलकुल नहीं है। (मोहन से) ज़रा मुँह फिर खोलना। जीभ निकालो। (मोहन जीभ निकालता है।) हाँ, कब्ज ही लगता है। कुछ बदहज़मी भी है। (उठते हुए) कोई बात नहीं। दवा भेजता हूँ। (पिता से) क्यों न आप ही चलें! मेरा विचार है कि एक ही खुराक पीने के बाद तबीयत ठीक हो जाएगी। कभी-कभी हवा रुक जाती है और फंदा डाल लेती है। बस उसी की ऐंठन है।

**QUESTION:**

Q.1. 'जी नहीं, वह नहीं है।' ये कथन किसका है?

Q.2. डॉक्टर मोहन से क्या कहता है?

**जवाब :** 1. जी नहीं, वह नहीं है। कथन वैद्य जी का है?

2. डॉक्टर मोहन से मुँह खोलने तथा जीभ निकालने के लिए कहते हैं।

63. मास्टर-माता जी, मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। इसकी 'ऐसे-ऐसे' की बीमारी को मैं जानता हूँ। अकसर मोहन जैसे लड़कों को वह हो जाती है। माँ-सच! क्या बीमारी है यह? मास्टर-अभी बताता हूँ। (मोहन से) अच्छा साहब! दर्द तो दूर हो ही जाएगा। डरो मत। बेशक कल स्कूल मत आना। पर हाँ, एक बात तो बताओ, स्कूल का काम तो पूरा कर लिया है?

**QUESTION:**

Q.1. माता जी मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। यह वार्तालाप किस-किसके बीच हो रही है।

Q.2. मास्टर जी ने यह क्यों कहा कि मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है?

**जवाब :** 1. उपरोक्त कथन की बातचीत माँ और मास्टर के बीच में हो रही है।

2. मोहन ने पूरा महीना मौज-मस्ती में व्यतीत कर दिया। उसने स्कूल का कार्य पूरा नहीं किया था। एक-दो दिन बाद स्कूल खुलने वाला था। उसे स्कूल जाना था और पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने का बहाना कर रहा था। ऐसी बीमारी का इलाज वैद्य और डॉक्टर कैसे कर सकते थे। मास्टर जी मोहन की बीमारी को जानते थे। इसलिए उन्होंने कहा कि मोहन की बीमारी की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

64. मास्टर-माता जी, मोहन की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है। इसकी 'ऐसे-ऐसे' की बीमारी को मैं जानता हूँ। अकसर मोहन जैसे लड़कों को वह हो जाती है। माँ-सच! क्या बीमारी है यह? मास्टर-अभी बताता हूँ। (मोहन से) अच्छा साहब! दर्द तो दूर हो ही जाएगा। डरो मत। बेशक कल स्कूल मत आना। पर हाँ, एक बात तो बताओ, स्कूल का काम तो पूरा कर लिया है?

**QUESTION:**

Q.1. मोहन जैसे लड़के कैसे होते हैं?

Q.2. ऐसे-ऐसे' की बीमारी क्यों और किन्हें होती है?

**जवाब :** 1. मोहन ने पूरा महीना मौज-मस्ती में व्यतीत कर दिया। उसने स्कूल का कार्य पूरा नहीं किया था। एक-दो दिन बाद स्कूल खुलने वाला था। उसे स्कूल जाना था और पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने का बहाना कर रहा था। ऐसी बीमारी का इलाज वैद्य और डॉक्टर कैसे कर सकते थे। मास्टर जी मोहन की बीमारी को जानते थे। इसलिए उन्होंने कहा कि मोहन की बीमारी की दवा वैद्य और डॉक्टर के पास नहीं है।

2. मोहन ऐसे लड़कों में था जो छुट्टियों में खूब मौज-मस्ती करते हैं। स्कूल का काम पूरा नहीं करते और जब स्कूल की छुट्टियाँ समाप्त होने को आती हैं तो स्कूल का वर्क याद आता है। स्कूल का काम पूरा न होने से उन्हें स्कूल में जाने से भी डर लगता है। ऐसे लड़के पेट में दर्द होने या 'ऐसे-ऐसे' होने की रट लगा देते हैं।

*** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** **[4]**

65. जया मेहता ने कौन-सी पुस्तक लिखी है?

**जवाब :** जया मेहता द्वारा रचित पुस्तक का नाम 'नृत्य कथा' है।

66. लेखिका जया मेहता का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

**जवाब :** जया मेहता एक नृत्यांगना, लेखिका और शिक्षिका हैं। वे ओडिसी नृत्य में पारंगत है और देश-विदेश में कई वर्षों से नृत्य प्रस्तुतियाँ भी दे रही हैं।

67. एलेसेंड्रा ने युवा साधुओं का नृत्य फिल्मांकन कहाँ किया?

**जवाब :** एलेसेंड्रा ने वैष्णव मठ के सभागार में सत्रिया नृत्य प्रस्तुत करते युवा साधुओं का फिल्मांकन किया।

68. एलेसेंड्रा भारत क्यों आई थीं?

**जवाब :** एलेसेंड्रा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता थी । उन्हें ब्रिटिश अकादमी से असम की नृत्य परंपरा पर एक डॉक्यूमेंट्री कार्यक्रम बनाने के लिए वित्तीय मदद की गई थी और फिल्म को पूरा करने के लिए वे भारत यात्रा पर आई थीं।

----- -----

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in